भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 320

उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2022

14 माघ, 1943 (शक)

बिहार के लिए निधियों का आवंटन

320. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले दो वर्षों में लॉकडाउन के कारण विभिन्न खेल आयोजनों के रूक जाने की वजह से बिहार को कितनी-राशि प्रदान नहीं की गई है ;

(ख) क्या सरकार बिहार को खेल शीर्ष के अंतर्गत निधियां जारी करने पर विचार करेगा;

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या विभिन्न जिलों और शहरों के खिलाड़ियों के विकास पर कोरोना काल के प्रभाव का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन कराया गया है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आवंटित की जाती हैं, राज्य-वार नहीं। इसलिए, बिहार राज्य के लिए किसी धनराशि को रोकने का प्रश्न नहीं उठता। वास्तव में, पिछले 2 वर्षों के दौरान, इस मंत्रालय ने बिहार में खेलो इंडिया स्कीम के तहत 55.49 करोड़ रु. की 11 विभिन्न खेल अवसंरचना परियोजनाओं को संस्वीकृत किया है जिसमें से 12 करोड़ रु. जारी कर दिए गए हैं।

(घ) यह मंत्रालय देश में महामारी के प्रकोप के बाद से अपनी विभिन्न अकादमियों और प्रशिक्षण केंद्रों में खिलाड़ियों के बीच कोविड मामलों को फैलने से रोकने के लिए लगातार सक्रिय कदम उठा रहा है। नई मानक संचालन प्रक्रियाओं और खेल प्रशासकों, कोचों, खिलाड़ियों, खेल परिसंघों तथा अन्य हितधारकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और प्रदर्शन पर कोविड के प्रभाव को कम करने के लिए प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम तैयार किए गए हैं।

****